राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र ने शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के 6 भवनों का वर्चुअल शिलान्यास किया

जयपुर, 23 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरूवार को राजभवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के अतिथि गृह, शोध व स्नातकोत्तर विद्यार्थी छात्रावास (पुरुष), शोध व स्नातकोत्तर विद्यार्थी छात्रावास (महिला), छात्र सुविधा केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र एवं छात्रसंघ कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नए भवनों के निर्माण के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि शेखावाटी विश्वविद्यालय में आवासीय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से इस क्षेत्र के शैक्षिक विकास को गति मिलेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भागीरथ सिंह बिजारणिया ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय से 580 कॉलेज सम्बद्ध हैं और इनमें करीब 3 लाख 50 हजार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा बहु–संकाय विश्वविद्यालय है जहां रेडियो स्टेशन की शुरूआत की गई है।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राजवीर सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

———————